कार्यालय जिलाशिक्षाअधिकारी, जिलाबस्तर

क्र. /5095/ मान्यता / शि.का.अ. / निरीक्षण / 2021 जगदलपुर, दिनांक 10/09/2021

–:: निरीक्षणप्रतिवेदन ::–

सूर्या स्मार्ट स्कूल धरमपुरा जगदलपुर जिला बस्तर में उपस्थित होकर शाला में उपलब्ध संसाधनों एवं शाला संचालन हेतु शासन द्वारा जारी गाईड लाइनों का पालन किये जाने के संबंध में स्थल परीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्राप्त तथ्यों का बिन्दुवार विवरण निम्नानुसार है–

- सूर्या स्मार्ट स्कूल धरमपुरा जगदलपुर को सत्र 2019–20 में 01 मार्च 2019 से प्रारंभ किया गया था।
- संस्था का डाईस कोड–22153302808 आबंटित किया गया है।
- संस्था प्रारंभ के समय नर्सरी से कक्षा 8वीं तक की कक्षाएं शाला प्रारंभ के समय संचालित रही है। वर्तमान सत्र 2021–22 में इसे उन्नयन कर संस्था में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 8वीं तक की कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है।
- संस्था में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 8वीं तक की कक्षाओं में कुल दर्ज संख्या 231 है जिसमें 106 बालक एवं 125 बालिकाएंहै।
- संस्था में कक्षा नर्सरी से आठवीं तक की कक्षाओं में अध्यापन हेतु प्राचार्य सहित कुल 14 शिक्षक उपलब्ध है। सभी शिक्षकों के पास न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता है एवं सभी शिक्षक प्रशिक्षित है। संस्था में कार्यालयीन कार्य हेतु 03 एवं अन्य 07 कर्मचारी संस्था में कार्यरत है।
- संस्था में कक्षाओं का संचालन शासन द्वारा जारी कोविड गाईड लाईन के अन्तर्गत किया जा रहा है। बच्चों एवं शालेय शिक्षकों द्वारा सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करते हुए मास्क का उपयोग भी किया जा रहा है। शाला

भवन में प्रवेश के समय बच्चों के हाथों को सेनेटाईज़ किया जाता है एवं थर्मलस्केनिंग भी की जाती है।

- संस्था का चार मंजिला पक्का भवन है। भू–तल में 10 कक्ष है एवं प्रथम तल में 12 कक्ष है, द्वितीय तल में कुल 12 एवं तृतीय तल में कुल 10 अध्यापन हेतु कुल 44 कक्ष है।
- प्रत्येक कक्षा के लिए पृथक–पृथक आधुनिक सुविधा युक्त अध्यापन कक्ष है। संस्था में बच्चों के प्राथमिक उपचार हेतु प्राथमिक उपचार किट उपलब्ध है।
- भवन के प्रत्येक कक्षों में 01–01 CCTV कैमरा उपलब्ध है, जो कि कार्यशील है, जिसका मॉनीटरिंग संचालक, प्राचार्य एवं सर्वरकंट्रोल रूम से की जाती है। भवन में कुल 48 CCTV कैमरे उपलब्ध है।
- शाला में पुस्तकालय कक्ष उपलब्ध है जिसमें वर्तमान में 40 बच्चे एक साथ बैठकर पुस्तकालय सुविधा का लाभ ले सकते है।
- बच्चों के लिए प्ले–गेम, संगीत कक्ष, कम्पोज़िटलैब, इन्डोर एक्टीविटी रूम, आर्ट एण्ड क्राफ्ट कक्ष, नृत्य कक्ष, आई.टी. लैब, इन्फरमरी रूम,पृथक–पृथक कक्षों में उपलब्ध है।
- अध्यापन हेतु कक्षाएं भूतल एवं प्रथम तल में लगाई जा रही है। सभी कक्षाओ में Interactive white board की सुविधा उपलब्ध है।
- संस्था में अग्नि शंमन संयत्र समस्त तलों में लगाया गया है।
- संस्था में पेय–जल हेतु आर.ओ. युक्त शुद्ध पेयजल की नर्सरी व प्राथमिक तथा माध्यमिक वर्ग के लिए अलग–अलग उपलब्ध है।

- संस्था में बालक–बालिकाओं हेतु पृथक–पृथक आधुनिक शौचालय उपलब्ध है। संस्था में शौचालयों की साफ–सफाई हेतु पृथक से सफाई कर्मचारी पदस्थ है।
- संस्था में खेलकूद हेतु इनडोर 5000 sq.fit.एवं आउटडोर 20000 sq.fit. खेल का मैदान उपलब्ध है, संस्था में व्हालीबॉल एवं बास्केट बॉल हेतु पृथक से खेल मैदान उपलब्ध है।
- बच्चों के आवागमन हेतु 02 बसें एवं 02 वेन उपलब्ध है। प्रत्येक बसों में CCTV Camera लगाया गया है। प्रत्येक बस हेतु 01 ड्राईवर एवं 01 कडेक्टर कार्यरत है। बसों में प्राथमिक उपचार किट उपलब्ध है।
- शाला में वृक्षारोपण कराया गया है।
- पालक समिति का गठन विद्यालय स्तर से शासन के नियमानुसार किया गया है।
- शाला में प्रवेश हेतु 04 द्वार उपलब्ध है, आपात स्थितियों में निकासी हेतु पृथक से 02 अन्य द्वार संस्था में उपलब्ध है।
- संस्था द्वारा अपने पत्र क्रमांक 23–2122 दिनांक 15/09/2021 के माध्यम से दस्तावेज़ प्रस्तुत किये गये है। स्थल परीक्षण में इन दस्तावेज़ों का परीक्षण किया गया, जो कि सही पाये गये।

सहायकसंचालक
कार्या.जिलाशिक्षा अधिकारी
जिलाबस्तरजगदलपुर

जिलाशिक्षाअधिकारी
जिलाबस्तरजगदलपुर